StudentBounty.com

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 7

# S—96—Hindi (D & D)

## माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2011

## हिन्दी

**समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।
5. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( **i, ii, iii** तथा **iv**) हैं। प्रत्येक भाग के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

| प्रश्न क्रमांक | सही उत्तर का क्रमाक्षर |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

StudentBounty.com



1. (i) ''माता-पिता'' शब्द में समास है

(अ) द्वन्द्व (ब) द्विगु

(स) बहुव्रीहि (द) तत्पुरुष । 1

(ii) 'कोयल' का पर्यायवाची शब्द है

(अ) कौआ (ब) कबूतर

(स) तोता (द) कोकिल । 1

(iii) नीलू ने रक्षा की थी

(अ) बिल्ली की (ब) खरगोशों की

(स) चूहों की (द) बकरियों की । 1

(iv) वीर बालक भरत के पिता का नाम था

(अ) कश्यप (ब) विश्वामित्र

(स) दुष्यन्त (द) दुर्योधन । 1

2. लूसी की राजसी विशेषताएँ क्या थीं ? 2

3. मामा ने अपनी सास को दोने के बारे में क्या बताया ? 2

4. चन्दबरदाई बंदी गृह में पृथ्वीराज से मिलने के लिए अपनी तलवार क्यों नहीं ले जा सका ? 2

StudentBounty.com



5. ''यौवन की ज्वाला वाले, दे अभयदान'' कवि ने युवाओं को किन्हें अभयदान देने के लिए कहा है ? 2

6. ''सार'' में ''अनु'' और ''प्र'' उपसर्ग लगाकर दो नवीन शब्द बनाइए । $1\frac{1}{2}$

7. ''शिक्षित'' शब्द में ''प्रत्यय'' व ''मूल शब्द'' बताइए । $1\frac{1}{2}$

8. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : $1\frac{1}{2}$

(i) कोमल (ii) अमृत ।

9. निम्नलिखित युग्म शब्द का अर्थभेद स्पष्ट कीजिए : $1\frac{1}{2}$

ओर - और ।

10. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए : 2

(i) नगर में रहने वाला ।

(ii) निन्दा करने योग्य ।

11. निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाइए : 2

राम घर पर आया या नहीं

12. जिस दिन देशभक्त की जवानी का अन्तिम पृष्ठ लिखा जाने वाला था उस दिन स्वर्गलोक में आनन्द का अपार पारावार क्यों उमड़ रहा था ? 2

StudentBounty.com



13. रोशन के पिता सियालकोट वालों का शगुन क्यों लेना चाहते थे ? 2

14. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 3

(i) गिरीश (ii) महर्षि (iii) सज्जन ।

15. विशेषण किसे कहते हैं ? 3

16. मरुत् के खजाने का अग्रसेन ने क्या उपयोग किया ? 3

17. गौहर बानू के अपहरण पर शिवाजी ने आबाजी को क्या दण्ड दिया ? 3

18. ''रानी से भी अधिक हमें अब यह समाधि है प्यारी ।'' अब हमको यह समाधि रानी से भी अधिक प्यारी क्यों है ? 2

19. सीता ने मछलियों के किन-किन गुणों को लव-कुश को बताया ? 3

20. जो अपने देशवासियों से दाँतकाटी रोटी का व्यवहार रखते हैं, उनके प्रति लेखक अपना कैसा व्यवहार करता है ? 3

21. किन-किन रोगों में बाबा रामदेव की चिकित्सा रामबाण थी ? 3

22. महाराजा सूरजमल की वीरता का संक्षिप्त वर्णन कीजिए । 3

23. ''आँख में हो स्वप्न लेकिन पाँव पृथ्वी पर टिके हों ।'' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 3

24. "15 अगस्त 1947" कविता देश के नवयुवकों को क्या प्रेरणा देती है ? 3

StudentBounty.com



25. निम्नलिखित मुहावरा व लोकोक्ति का अर्थ लिखिए : 2

(i) घाट-घाट का पानी पीना ।

(ii) एक अनार सौ बीमार ।

26. अपने आपको रामावतार कक्षा 10 का छात्र मानते हुए राजकीय माध्यमिक विद्यालय, हर्षगढ़ के प्रधानाध्यापक को दो दिन के अवकाश के लिए, बड़े भाई की शादी में जाने के हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए । 4

27. अपने मोहल्ले में व्याप्त गंदगी की समस्या के समाधान हेतु नगरपालिका अध्यक्ष, फतेहगढ़ को एक पत्र लिखिए । 4

28. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सदाचार का शिष्टाचार से घनिष्ठ सम्बंध है । सदाचार सौजन्य की पूँजी है । सदाचार के बिना मनुष्य का जीवन निराधार होता है । शिष्टाचार के बिना सदाचारी पुरुष भी जीवन के माधुर्य से वंचित हो जाता है । प्राचीन देशों में शिष्टाचार को उच्च स्थान दिया है । चीन में प्राचीनकाल से शिष्टाचार के बड़े उच्च कोटि के नियम रहे हैं और उन्हीं के अनुसार बर्ताव होता रहा है । हमारे देश में भी सदैव पारस्परिक व्यवहार में स्नेह, सद्‌भाव की झलक दीखती रही है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

StudentBounty.com



(ii) सदाचार का किससे घनिष्ठ सम्बन्ध है ? 1

(iii) हमारे देश में पारस्परिक व्यवहार में किसकी झलक दीखती रही है ? 1

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग तीस शब्दों में लिखिए । 1

29. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 15 पंक्तियों में एक निबन्ध लिखिए : 4

(i) विद्यालय का गणतंत्र दिवस

(ii) हमारे पर्वोत्सव

(iii) मेरा प्रिय खेल

(iv) आज के युग में कम्प्युटर ।

30. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

तेरे प्राणों के ज्वारों पर

लहराते हैं देश सभी

चाहे जिसे इधर कर दे तू

चाहे जिसे उधर क्षण में ।।

अथवा

पूर्व चलने के, बटोही,

बाट की पहचान करले ।

पुस्तकों में है नहीं

छापी गई इसकी कहानी,

हाल इसका ज्ञात होता,

है न औरों की जबानी ।

StudentBounty.com